ધોરણ : 8 **પ્રથમ ત્રિમાસિક કસોટી** વિષય : હિન્દી

તારીખ : 20/08/2026 કુલ ગુણ : 40

प्रश्न.1 (कविता को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।) 04 गुण

1) बात-बात में पाओगे तुम ईश्वर की चतुराई को ।।
ये सब भाँति-भाँति के पक्षी, ये सब रंग-बिरंगे फूल
ये नदियाँ, ये झील, सरोवर, कमलों पर भौंरों की गुंज ।।
सूर्य-चंद्र की शोभा अद्‌भुत, बारी से आना दिन-रात ।
यों अनंत तारामंडल से, सज जाना रजनी का गात ।।
गर्जन-तर्जन घन-मंडल का, वर्षा-बिजली का संचार ।
सब में दिखे परमेश्वर की लीला, अद्‌भुत अपरंपार ।।

- श्रीधर पाठक

प्रश्न :

1. 'प्रकृति के हर एक स्वरूप में हमें ईश्वर की अद्‌भुत शक्ति के दर्शन होते हैं।' कौन-सी पंक्ति का भावार्थ है ?

A. बात-बात में पाओगे तुम ईश्वर की चतुराई को ।
B. सूर्य-चंद्र की शोभा अद्‌भुत बारी से आना दिन-रात ।
C. यों अनंत तारा-मंडल से, सज जाना रजनी का गात ।
D. सब में दिखे परमेश्वर की लीला, अद्‌भुत अपरंपार ।

2. सूर्य-चंद्र उदाहरण के अनुसार कौन-सी जोड़ कविता में नहीं हैं ?

A. गर्जन-तर्जन B. वर्षा-बिजली C. तारा-मंडल D. ध्यान-मंडल

3. 'बादल' के लिए इस कविता में कौन-सा शब्द प्रयोग हुआ है ?

A. झील B. रजनी C. घन D. मंडल

4. इस कविता का मुख्य संदेश क्या है ?

A. प्रकृति के हर रूप में ईश्वर की महिमा देखना
B. पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना
C. केवल दिन और रात की गणना करना
D. नदियों की सफाई करना

प्रश्न.2 (निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।) (04 गुण)

पशु-पक्षी जहाँ जन्म लेते हैं, उस देश को प्रेम करते हैं। जंगल में पैदा हुए किसी जानवर को भी आप पिंजरे में बंद कर सकते हैं, उसे लाख आराम पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं, पर वह सुखी नहीं हो सकता। उसे तो जंगल ही प्यारा लगता है और पंछी हो तो आकाश में उड़ना पसंद करता है। पिंजरे में बंद करने से कदापि सुखी नहीं हो सकता, उसका देश तो खुला आसमान, पेड़ों की शाखा में बनाया गया नीड़ है। वहाँ वह धूप, वर्षा और ठंड की कठिनाई सहकर भी सुखी रह सकता है।

प्रश्न :

1. पशु-पंखी को कैद क्यों नहीं करना चाहिए ?

2. पक्षी को पिंजरा क्यों पसंद नहीं है ?

3. पंछी के घर के लिए कौन-सा शब्द है ?

[A] पेड़ [B] जंगल [C] शाखा [D] नीड़

4. कौन-सा पक्षी सबसे ऊँची उड़ान भरता हैं ?

प्रश्न.3(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिएः (02 गुण)

1.आप पढ़ने और समझने के लिए कौन-सी भाषा को महत्त्व देते हैं ?

2.कौन-सा खेल हाथी, घोड़ा, राजा, रानी और सैनिक के साथ बैठकर खेला जाता है ?

प्रश्न.3(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यो में लिखिए । (06 गुण) (प्रत्येक प्रश्न के 2 गुण)

1.आप मेले में क्या-क्या खरीदेंगे ?

2.आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं ?

3.आप अपने परिवार के मान-सम्मान को बढ़ाने के लिए क्या योगदान देंगे?

प्रश्न.4 निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (05 गुण)

1. वर्षाऋतु
2. मेरा प्रिय त्योहार
3. खेल का महत्त्व

प्रश्न.5 अपूर्ण कहानी को पूर्ण कीजिए। (05 गुण)

एक गाँव था। गाँव में तरह-तरह के व्यवसाय करने वाले लोग रहते थे । सभी लोग हिल-मिलकर रहते थे। गाँव में बच्चे सुबह-शाम तालाब के किनारे खेलने जाते थे। एक दिन बच्चे खेल रहे थे तभी जंगल में से शेर गाँव की ओर आ रहा था । .....

प्रश्न.6 निम्नलिखित परिच्छेद में कोई भी दो मुहावरे ढूंढ कर उसका अर्थ लिखिए। (02 गुण)

अविनाश विदेश से लौटकर आया तो उसकी माँ का दिल कचोट रहा था क्योंकि उसे पता था कि, अब उसे दोबारा जाने में समय लगेगा। जैसे ही वह घर पहुँचा, माँ दौड़कर उससे गले मिलीं और उनकी आँखों में खुशी के आँसू थे। कुछ पल के लिए तो अविनाश का दिल बैठ-सा गया था, यह सोचकर कि उसने अपनी माँ को कितना इंतजार करवाया। लेकिन माँ के प्यार और आशीर्वाद के आगे, उसे यकीन था कि अब उसका कोई बाल भी बाँका नहीं कर पाएगा।

प्रश्न.7(अ) दिए गए शब्दों की जोड़ बनाईए :(किन्ही पांच) (05 गुण)

(साधु, विधुर, देवर, विद्वान, देवरानी, भाग्यवान, साध्वी, भाग्यवती, सम्राट, विदुषी, विधवा, साम्राज्ञी, बलवती, श्रीमान, इंद्राणी, विधात्री, बलवान, विधाता, श्रीमती, इंद्र)

प्रश्न.7(ब) रेखांकित शब्द का लिंग बताइए । (02 गुण)

1. बालक खेल रहा है ।

2. पेड़ पर बंदर रहते हैं ।

प्रश्न.8 (सही विकल्प चुनकर लिखिए।) (01 गुण)

चिड़िया' शब्द का बहुवचन क्या होगा ?

A. चिड़ियाँ B. चिडियाएँ C. चिड़ियाओं D. चिड़ियें

प्रश्न.9 (सूचना अनुसार विकल्प पसंद करके उत्तर दीजिए:) (02 गुण)

1.हामिद', 'अमीना', 'मोहसिन' और 'नूरे शब्दों को शब्दकोश के क्रम में रखने पर तीसरे स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा ?

A. अमीना B. हामिद C. नूरे D. मोहसिन

2.निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शब्दकोश में 'सिपाही' शब्द के बाद आएगा ?

A. सच्चा B. सफल C. सुबह D. सीमा

प्रश्न.10 (सही विकल्प चुनकर लिखिए।) (02 गुण)

1.अनमोल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग जुड़ा हुआ है ?

A. आन B. अन C. अनि D. मोल

2.यदि गुण शब्द में 'स' उपसर्ग जोड़ा जाए तो यह किस नई व्याख्या की ओर संकेत करता है ?

A. अच्छे गुण B. बुरे गुण C. अवगुण D. सगुण अर्थ रहेगा।